# MSY के लाभुकों से निर्माण से संबन्धित सरकारी कार्यों में कार्य आवंटन पर ज़ोर

## मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के लाभुकों को प्राथमिकता दें संवेदक

- मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**



मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की शुक्रवार को हुई समीक्षा बैठक में मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने संवेदकों को मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के लाभुकों को सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता देने को कहा. उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बेरोजगार हुए श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का शुभारंभ किया गया था. निगम कार्यालय की ओर से जॉब कार्ड निर्गत एवं पंजीकृत लाभुकों को अकुशल श्रमिक के रूप में कार्य करने का अवसर दिया जाना जरूरी है. निगम अंतर्गत पेवर्स ब्लॉक, नाली निर्माण व अन्य कंस्ट्रक्शन कार्यों में प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के लाभुकों को कार्य दिया जाये. बैठक में जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, निर्मल कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार